भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 426

सोमवार, 2 फरवरी, 2026/13 माघ, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

असम के बिश्वनाथ घाट का विकास

426. श्री रंजीत दत्ता:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने असम के बिश्वनाथ घाट, जिसे वर्ष 2023 में भारत के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव के नाम पर सम्मानित किया गया था, के विकास के लिए कोई कदम उठाए हैं;

(ख) सतत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इस क्षेत्र में अनुमोदित अवसंरचना और संपर्क परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार, बिश्वनाथ घाट को किसी विशिष्ट पर्यटन योजना अथवा परिपथ जैसे कि स्वदेश दर्शन या प्रसाद के अंतर्गत शामिल करने पर विचार कर रही है;

(घ) स्थानीय रोजगार सृजन और बिश्वनाथ घाट की सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत के संरक्षण के लिए किए गए/किए जा रहे उपायों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): पर्यटक गंतव्यों और पर्यटन उत्पादों का विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है।

पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - स्वदेश दर्शन 2.0 योजना की एक उप-योजना, 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)', 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)', 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता (एसीए)' नामक अपनी जारी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों/केंद्रीय एजेंसियों के परामर्श से पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करके उनके प्रयासों को संपूरित करता है।

इन योजनाओं के तहत पर्यटन मंत्रालय ने असम राज्य में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए विभिन्न परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनका ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

उपरोक्त योजनाओं के तहत, मंत्रालय पर्यटन का संवर्धन करने, स्थानीय संस्कृति का संरक्षण करने, रोजगार सृजन एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ करने के उद्देश्य से समग्र और स्थायी रूप से पर्यटन अवसंरचना का विकास करने का प्रयास करता है।

पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने हेतु प्रस्ताव संबंधित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र/केन्द्रीय एजेंसी द्वारा तैयार किए जाते हैं। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप जांच की जाती है एवं निर्धारित शर्तों के अनुपालन और निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

वर्तमान में, असम के बिश्वनाथ घाट के विकास के लिए कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****

अनुबंध

श्री रंजीत दत्ता द्वारा असम के बिश्वनाथ घाट के विकास के संबंध में दिनांक 02.02.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 426 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

पर्यटन मंत्रालय द्वारा असम राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

योजना	**क्र. सं.**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)**
स्वदेश दर्शन 1.0	i.	मानस - प्रोबिटोरा - नामेरी - काजीरंगा - डिब्रू - सैखोवा का विकास	2015	94.68
	ii.	तेजपुर - माजुली - शिवसागर का विकास	2017	90.98
		कुल स्वीकृत लागत		**185.66**
स्वदेश दर्शन 2.0	i.	कोकराझार वेटलैंड का अनुभव	2024	26.67
	ii.	जोरहाट में रीइमेजिनिंग सिनामारा टी एस्टेट एक्सपीरियंस	2024	23.88
		कुल स्वीकृत लागत		**50.56**
चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)	i.	पणिधिंग पक्षी अभयारण्य, शिवसागर	2025	9.99
		कुल स्वीकृत लागत		**9.99**
प्रशाद	i.	गुवाहाटी और उसके आसपास के क्षेत्रों में कामाख्या मंदिर और तीर्थस्थल का विकास	2015	29.80
		कुल स्वीकृत लागत		**29.80**
राज्यों को पूंजी निवेश हेतु विशेष सहायता (एसएएससीआई)	i.	गुवाहाटी में असम राज्य चिड़ियाघर सह वनस्पति उद्यान	2024	97.12
	ii.	शिवसागर में रंग घर का सौंदर्यीकरण	2024	94.76
		कुल स्वीकृत लागत		**191.88**
पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता (एसीए)	i.	राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 1 और 2 पर रिवर क्रूज़ के 9 मुख्य आगमन/अवतरण बिंदुओं पर जेट्टी का विकास	2020	28.03
	ii.	कामाख्या रेलवे स्टेशन	2018	4.96
	iii.	गुवाहाटी रेलवे स्टेशन	2018	4.99
		कुल स्वीकृत लागत		**37.98**
		कुल केंद्रीय सहायता		**505.87**

******